# अभ्यास-कार्य

**विषय - हिंदी**

**कक्षा - छठीं**


**समन्वयक**

अखिल प्रकाश गुप्ता

प्रवक्ता - हिंदी

रा०व०मा० बाल विद्यालय नं० 1, शक्ति नगर, दिल्ली -7

**तैयारकर्ता**

देवीदत्त

टी०जी०टी०, हिंदी

राजकीय सर्वोदय विद्यालय

सैक्टर -3, रोहिणी

अस्मिता

टी०जी०टी०, हिंदी

राजकीय कन्या व० मा० विद्यालय

समयपुर, दिल्ली - 42

# अध्याय–1

S.A. -1

## 'वह चिड़िया जो'

## अभ्यास कार्य

प्र01 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें –

''मछली जल की रानी है
जीवन उसका पानी है
हाथ लगाओ डर जायेगी
बाहर निकालो मर जायेगी।''

(क) उपरोक्त कविता का शीर्षक लिखिए।

उ0 ........................................................................................................................

(ख) मछली कहाँ की रानी है ?

उ0 ........................................................................................................................

(ग) मछली का जीवन क्या है ?

उ0 ........................................................................................................................

(घ) मछली व पानी के पर्यायवाची लिखिए (दो–दो)

क) .......................... ..............................

ख) .......................... ..............................

प्र02 विलोम शब्द लिखिए

| **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|
| रुचि | ...................... |
| छोटी | ...................... |
| सन्तोषी | ...................... |
| प्यार | ...................... |

प्र03 लिंग बताइए

| | |
|---|---|
| चिड़िया | ...................... |
| नदी | ...................... |
| गरवीली | ...................... |
| पंखो वाली | ...................... |

प्र04 भारत के प्रसिद्ध पक्षी-विज्ञानी का नाम छाँटकर लिखिए?

1) आबिद हुसैन

2) सालिम अली

3) ए. पी. जे. अब्दुल कलाम

4) जाकिर हुसैन

उत्तर ..................................................................................................................

प्र05 वाक्यों में प्रयोग करो।

सन्तोषी ..................................................................................................

खातिर ..................................................................................................

प्र06 कवि के स्वभाव में जो चिड़िया है, उसकी क्या-क्या विशेषताएँ हैं?

उत्तर ..................................................................................................................

..................................................................................................................

..................................................................................................................

..................................................................................................................

# पाठ –2

## 'बचपन'

**प्र01 पठित गद्यांश (बहुविकल्पीय प्रश्न)**

हमारे बचपन की कुलफी आईसक्रीम हो गई है। कचौड़ी-समोसा, पैटीज़ में बदल गया है। शहतूत और फालसे और खसखस के शरबत कोक-पेप्सी में। उन दिनों कोक नहीं लेमनेड, विमटो मिलती थी। शिमला और नयी दिल्ली में बड़े हुए बच्चों को वेंगर्स और डेविको रेस्तराँ की चॉकलेट और पेस्ट्री मज़ा देने वाली होती थी। हम भाई-बहनों की ड्यूटी लगती शिमला माल से ब्राउन ब्रेड लाने की।

1) हमारे बचपन की कुलफी किस चीज़ में परिवर्तित हो गई है ?

क) कुलफी ख) आइसक्रीम ग) रमबॉल घ) केक

उत्तर ..............................

2) शहतूत और फालसे के शरबत की जगह अब क्या मिलता है ?

क) स्कवैश ख) रसना ग) कोक घ) जूस

उत्तर ..............................

3) वेंगर्स और डेविको रेस्तराँ की कौन-सी वस्तु मजेदार थी ?

क) गोल-गप्पे ख) बर्गर ग) सैंडविच घ) पेस्ट्री

उत्तर ..............................

4) शिमला माल से कौन सी चीज़ लायी जाती थी ?

क) ब्राउन ब्रेड ख) रोटी ग) इडली घ) पास्ता

उत्तर ..............................

5) बचपन का विलोम लिखें।

क) बचपना ख) बुढ़ापा ग) बच्चे घ) अबचपन

उत्तर ..............................

**2 एक पंक्ति में उत्तर लिखें –**

1) 'बचपन' पाठ की लेखिका का क्या नाम है ?

उ0 ..........................................................................................................

2) लेखिका किस क्षेत्र में लोकप्रिय है ?

उ० ..........................................................................................................................

ग) लेखिका अपने बचपन में किन चीज़ो को मज़े लेकर खाती थी ?

उ० ..........................................................................................................................

घ) शनिवार के दिन लेखिका को क्या करना पड़ता था ?

उ० ..........................................................................................................................

**3 विलोम-शब्दों के युग्म पूरा करें :-**

क) रंग - बिरंगे ग) पहनने - .................

ख) खट्टे-................. घ) हृष्ट - ....................

**4 शब्दों के विलोम लिखें :-**

क) हल्का - .................. ग) सुगंध - .......................

ख) ज्यादा -..................... घ) सहज - .......................

**5 शब्दों को सही क्रम में लिखकर शब्द - निर्माण करें -**

क) | ज़ा | या | म | कि | ............................

ख) | श | स् | न | टे | ............................

ग) | खू | र | ब | त | सू | ............................

घ) | न | प | च | ब | ............................

**6 शुद्ध वर्तनी वाले शब्द पर घेरा लगाइए -**

क) सफेद सफैद सफ़ेद

ख) शिमला शीमला सिमला

ग) आर्शिवाद आर्शीवाद अशीर्वाद

घ) दोकान दुकान दूकान

# पाठ -3

## 'नादान दोस्त'

**1 पठित गद्यांश :- दिए गए गद्यांश को पढ़कर उत्तर दें -**

केशव के घर कार्निस के ऊपर एक चिड़िया ने अंडे दिए थे। केशव और उसकी बहन श्यामा दोनों बड़े ध्यान से चिड़िया को वहाँ आते-जाते देखा करते। सवेरे दोनों आँखें मलते कार्निस के सामने पहुँच जाते और चिड़ा और चिड़िया दोनों को वहाँ बैठा पाते। उनको देखने में दोनों बच्चों को न मालूम क्या मज़ा मिलता, दूध और जलेबी की सुध भी न रहती थी। दोनों के दिल में तरह-तरह के सवाल उठते। अंडे कितने बड़े होंगे? किस रंग के होंगे? कितने होंगे? क्या खाते होंगे आदि? लेकिन इन बातों का जवाब देने वाला कोई नहीं।

1) चिड़िया ने अंडे कहाँ दिए?

उत्तर ..........................................................................................................................

2) अंडों को कौन ध्यान से देख रहा था?

उत्तर ..........................................................................................................................

3) उन्हें किस चीज़ की सुध नहीं रहती थी?

उत्तर ..........................................................................................................................

4) उनके दिल में कैसे सवाल उठते थे?

उत्तर ..........................................................................................................................

**2 निम्नलिखित शब्दों में लगे प्रत्यय अलग कीजिए -**

| | **शब्द** | **मूल शब्द** | **प्रत्यय** |
|---|---|---|---|
| 1) | पुरानी | पुराना | ई |
| 2) | हिस्सेदार | .................. | .................... |
| 3) | शर्मीला | .................. | .................... |

**3 दिए गए शब्दों के लिंग बताइए।**

1) चाँदनी ...................    3) छत .....................

2) कमरा ...................    4) टोकरी .....................

**4 निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए 'ग' से तुक मिलाने वाले शब्द बताओ।**

1) किसी संख्या के आस-पास की कोई संख्या (ल .... .... ग)

2) धोखा देने वाला व्यक्ति (............ग)

3) संसार का एक और नाम (............ग)

**5 निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाएँ -**

1) सूरत ..........................................................................................

2) विश्वास ..........................................................................................

3) घोंसला ..........................................................................................

**6 दिए गए शब्दों का वर्ण - विच्छेद करें -**

क) नादान :- न्+आ+द्+आ+न्+अ

ख) चिड़िया :- ........................

ग) टोकरी :- ........................

# पाठ –4

## 'चाँद से गप्पे'

1 **बहुविकल्पीय प्रश्न :-**

क) चंद्रमा को किस रिश्ते से पुकारा जाता है ?

1) नाना 2) चाचा 3) मामा 4) भाई

उत्तर ..............................

ख) वैज्ञानिक दृष्टि से चंद्रमा क्या है ?

1) ग्रह 2) उपग्रह 3) उलका-पिंड 4) मंदाकिनी

उत्तर ..............................

ग) पूर्णिमा की रात चंद्रमा की आकृति कैसी होती है ?

1) पूर्ण गोल 2) अर्ध 3) एक-चौथाई 4) तीन चौथाई

उत्तर ..............................

घ) कौन-सा शब्द चन्द्रमा का पर्यायवाची नहीं है ?

1) शशि 2) दिवाकर 3) विधु 4) चाँद

2 **कोष्ठक से विदेशी शब्द चुनकर लिखें :-**

**विदेशी -शब्द उन्हें कहा जाता हे जो दूसरी भाषाओं से लिए जाते हैं। जैसे :- मर्ज़ (उर्दू भाषा)**

**सिम्त आकाश मर्ज़**
**गोल बुद्धू नज़र ज़रा**

**विदेशी - शब्द**

.............................
.............................
.............................

3 **कोष्ठक से समान युग्म वाले शब्दों को चुनकर लिखें।**

चिट्टा मटोल सादा

क) गोल ......................

ख) सीधा ......................

ग) गोरा ......................

**4 निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखें :-**

क) तिरछा ......................

ख) घटना ......................

ग) बुद्धू ......................

**5 निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची लिखें - कोई एक**

क) आकाश ........................

ख) बुद्धू ..........................

ग) चाँद .........................

**6 कोष्ठक में दिए गए सर्वनामों को संज्ञा के स्थान पर लिखें ।**

वह उनके

उसे उसकी

क) राकेश मेरे पड़ोस में रहता है।

ख) राम को क्रिकेट का बहुत शौक है।

ग) राधा की माताजी अध्यापिका हैं।

घ) महिला के पिताजी डॉक्टर हैं।

उत्तरः- क) .............. मेरे पड़ोस में रहता है।

ख) .............. क्रिकेट का बहुत शौक है।

ग) .............. माताजी अध्यापिका हैं।

घ) .............. पिताजी डॉक्टर हैं।

# पाठ –5

## 'अक्षरों का महत्त्व'

**प्र01 पठित गद्यांश :- (बहुविकल्पीय प्रश्न)**

अक्षरों की खोज के सिलसिले को शुरू हुए मुश्किल से छह हजार साल हुए हैं। अक्षरों की खोज के साथ एक नए युग की शुरूआत हुई। आदमी अपने विचार और हिसाब-किताब को लिखकर रखने लगा। तबसे मानव को ''सभ्य'' कहा जाने लगा। आदमी ने जब से लिखना शुरू किया तबसे इतिहास आरंभ हुआ। किसी भी देश का इतिहास तब से शुरू होता है जबसे आदमी के लिखे हुए लेख मिलने लग जाते हैं। इस प्रकार इतिहास को शुरू हुए मुश्किल से छह हजार साल हुए हैं। उससे पहले के काल को ''प्रागैतिहासिक काल'' यानी इतिहास के पहले का काल कहते हैं।

क) अक्षरों की खोज कब हुई है ?

1) दो हजार साल पहले 2) चार हजार साल पहले

3) छह हजार साल पहले 4) दस हजार साल पहले

उत्तर .......................................................................................................................

ख) जब आदमी ने अपने विचारों और हिसाब-किताब को लिखकर रखना शुरू किया तब वह क्या कहलाया ?

1) असभ्य 2) बर्बर 3) गंवार 4) सभ्य

उत्तर .......................................................................................................................

ग) इतिहास का आरंभ कब हुआ ?

1) जब मनुष्य ने बोलना सीखा 2) लिखना सीखा

3) तैरना सीखा 4) चलना सीखा

उत्तर .......................................................................................................................

घ) इतिहास के पहले के काल को क्या कहते हैं ?

1) प्रागैतिहासिक काल 2) उत्तर ऐतिहासिक काल

3) पूर्व ऐतिहासिक काल 4) आधुनिक काल

उत्तर .......................................................................................................................

**2) नीचे लिखे शब्दों को वर्णमाला के क्रम में लिखिए -**

मनुष्य धरती

इतिहास अक्षर सूर्य

(1)..................(2)....................(3)....................(4)....................(5).........................

**3) निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखें :-**

1) सभ्य ...................... 2) मुश्किल ..........................

3) पुराना ...................... 4) जन्म ..........................

**4) दिए गए शब्दों से विशेषण बनाकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -**

1) मेरा मित्र ...................... पंक्ति में बैठा है । (तीन)

2) वह मेरा ..................... भाई है। (चाचा)

3) आपकी सफलता पर मेरी ओर से ...................... शुभकामनाएँ। (हृदय)

4) नवभारत टाइम्स .................... समाचार-पत्र है। (दिन)

**5) कौन-सा शब्द विशेषण नहीं है।**

★ 1) सुंदरता 2) धनी 3) गरीब 4) मेहनती

उत्तर ...........................

★ 1) खट्टा 2) मिठास 3) चार 4) भयानक

उत्तर ...........................

**6) अक्षरों के बिना मनुष्य किन तरीकों से एक-दूसरे के साथ अपने विचारों और भावों का आदान-प्रदान कर पाता था? किन्हीं दो तरीकों का नाम लिखिए।**

1. ....................................................

2. ....................................................

# पाठ –6

## 'पार नजर के'

प्र01 पृथ्वी के वैज्ञानिक मंगल की इस मिट्टी का अध्ययन करने के लिए उत्सुक थे। उन्हें उम्मीद थी कि इस मिट्टी के अध्ययन से इस बात का पता लगाया जा सकेगा कि क्या मंगल ग्रह पर भी पृथ्वी की ही तरह जीव सृष्टि का अस्तित्व है। यह प्रश्न आज भी एक रहस्य है।

क) पृथ्वी–वैज्ञानिक किसका अध्ययन करने के लिए उत्सुक थे?

उत्तर ........................................................................................................................................

ख) कौन सा प्रश्न आज भी रहस्य बना हुआ है?

उत्तर ........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

ग) शब्दों के अर्थ लिखिए

1) उम्मीद ..........................

2) सृष्टि ..........................

3) उत्सुक ..........................

4) अस्तित्व ..........................

प्र02 छोटू के पापा कहाँ से होते हुए काम पर जाया करते थे?

1) समुद्र 2) नदी 3) सुरंग 4) पर्वत

उत्तर ........................

प्र03 छोटू के पिता क्या थे?

1) वैज्ञानिक 2) अध्यापक 3) मजदूर 4) देवता

उत्तर ........................

प्र04 स्पेस सूट से हमें कौन सी गैस मिलती है, जिससे साँस ले सकते हैं?

1) नाइट्रोजन 2) ऑक्सीजन 3) कार्बनडाइआक्साइड 4) हाईड्रोजन

उत्तर ........................

प्र05 पाठ में किस ग्रह का वर्णन किया गया है?

1) बुद्ध 2) शुक्र 3) मंगल 4) नेपच्यून

उत्तर ........................

प्र06 शब्दों के अर्थ लिखें।

1) खुद-ब-खुद ....................................

2) दरख्वास्त ....................................

3) इस्तेमाल ....................................

4) बरबस ....................................

5) वार्तालाप ....................................

6) लाजिमी ....................................

7) प्रगति ....................................

प्र07 वाक्यों से क्रिया छाँटकर लिखिए ?

1) कालोनी की प्रबन्ध समिति की सभा बुलाई गई थी।

उत्तर ...................................................................

2) अन्तरिक्ष यान मंगल की धरती पर उतरा।

उत्तर ...................................................................

3) माँ और पापा की बात सुननी होगी।

उत्तर ...................................................................

4) सिपाही छोटू को घर छोड़ गया।

उत्तर ...................................................................

# पाठ -7

## 'साथी हाथ बढ़ाना'

प्र01 ''एक परी उतरी धरती पर
मुट्ठी में भर झिलमिल तारे।
बच्चों को देखकर वह बोली
चलो बाँट लो हिलमिल सारे।।''

क) परी कहाँ उतरी थी ?

उत्तर ...............................

ख) परी की मुट्ठी में क्या थे ?

उत्तर ...............................

ग) परी बच्चों को क्या बोली ?

उत्तर ...............................

घ) पद्यांश से 'ई' से बने चार शब्द छाँटो -

1) ..................
2) ..................
3) ..................
4) ..................

प्र02 कौन सा शब्द पर्यायवाची नहीं है।

क) 1) परबत 2) पहाड़ 3) गिरि 4) नाग

उत्तर ..............................

ख) 1) सागर 2) सिन्धु 3) समुद्र 4) नदी

उत्तर ..............................

ग) 1) इंसा 2) आदमी 3) मनुष्य 4) देवता

उत्तर ..............................

प्र03 शुद्ध रूप लिखिए

1) परबत .......................
2) सीस .......................
3) रस्ता .......................
4) इंसा .......................

प्र04 वचन बदल कर लिखिए

1) साथी .........................

2) कदम .........................

3) रेखा .........................

4) मंजिल .........................

प्र05 कोष्ठक में दिये शब्दों से छाँटकर विलोम शब्द लिखिए ?

| सुख, पर्वत, अपना, कोमल |
|---|

1) गैर .........................

2) दुख .........................

3) फौलादी .........................

4) राई .........................

प्र06 वाक्यों में प्रयोग कर अन्तर स्पष्ट करो।

1) बोझ उठाना .........................................................................................

2) बोझ बनना .........................................................................................

3) बोझ ढोना .........................................................................................

4) बोझ उतरना .........................................................................................

# पाठ –8
## 'ऐसे-ऐसे'

प्र01 मोहन ने महीना भर मौज की। स्कूल का काम रह गया आज ख्याल आया। बस डर के मारे पेट में ऐसे-ऐसे होने लगा - ऐसे-ऐसे। अच्छा उठिए साहब आपके ऐसे-ऐसे की दवा मेरे पास है। स्कूल से आपको दो दिन की छुट्‌टी मिलेगी। आप उसमें काम पूरा करेंगे और आपका ऐसे-ऐसे दूर भाग जायेगा।

क) मोहन का स्कूल का काम कैसे रह गया?

उत्तर ..........................................................................................................

ख) काम न करने के डर के कारण मोहन क्या बताने लगा?

उत्तर ..........................................................................................................

ग) मास्टर जी ने मोहन के ऐसे-ऐसे की क्या दवा दी?

उत्तर ..........................................................................................................

घ) मास्टर जी ने मोहन को दो दिन छुट्‌टी में क्या करने को कहा ?

उत्तर ..........................................................................................................

प्र02 वाक्यों में प्रयोग करें

1) बला -

..............................................................................

2) चेहरा सफेद होना -

..............................................................................

3) पेट में दाढ़ी होना -

..............................................................................

4) छकाना -

..............................................................................

प्र03 पाठ में कुछ शब्द दो-दो बार दिए गए हैं ऐसे-ऐसे, लोचा-लोचा, न-न, मां-मां, ओ-ओ उपरोक्त शब्दों के समान पाँच शब्द लिखिए।

1) ..............................

2) ..............................

3) ..............................

4) ..................................

5) ..................................

प्र04 निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी में अर्थ लिखिए -

1) डॉक्टर ..................................

2) मास्टर ..................................

3) मिस्टर ..................................

4) फोन ..................................

5) फ्लैट ..................................

6) कौलिक पेन ..................................

प्र05 ''भला-चंगा'' जैसे पाँच विशेषण शब्द लिखिए -

1) ..................................

2) ..................................

3) ..................................

4) ..................................

5) ..................................

# पाठ –9

## ‘टिकट अलबम’

प्र01 इस अलबम को चुराने वाला बेशर्म है।
ऊपर लिखे नाम को कभी देखा है? यह अलबम मेरा है। जब तक घास हरी है और कमल लाल, सूरज जब तक पूर्व से उगे और पश्चिम में छिपे, इस अनंत काल तक के लिए यह अलबम मेरा है, रहेगा''।

क) बेशर्म कौन है?

उत्तर ........................................................................................................................

ख) घास कैसी है?

उत्तर ........................................................................................................................

ग) कमल का रंग कैसा है?

उत्तर ........................................................................................................................

घ) सूरज कहाँ से निकलता है और कहाँ छिपता है?

उत्तर ........................................................................................................................

प्र02 पाठ में आये पांच देशों के नाम लिखिए?

1) ...............................
2) ...............................
3) ...............................
4) ...............................
5) ...............................

प्र03 प्रत्यय अलग करके लिखिए?

| | **मूल शब्द** | + | **प्रत्यय** |
|---|---|---|---|
| चिड़चिड़ाहट | .................... | + | .................... |
| घमंडी | .................... | + | .................... |
| चालबाजी | .................... | + | .................... |
| शान्ति पूर्वक | .................... | + | .................... |

प्र04 वाक्यों में प्रयोग करें -

शान बघारी ..........................................................................

मोती जैसे अक्षर ..........................................................................

आँख में आँसू होना ..........................................................................

छाती से लगाना ..........................................................................

प्र05 कोष्ठक में दिये गये शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति करें-

घमंडी बड़बड़ाया

जमघट अलबम, खटकने

1) लड़कों का ......................... लगा रहता है।
2) नागराजन ........................... हो गया है।
3) राजप्पा .............................. था।
4) दरवाजा .............................. की आवाज तेज हो गई।
5) मामा जी ने सिंगापुर से एक .......................... भिजवाया।

# पाठ -10

## 'झाँसी की रानी'

प्र01 पद्यांश को पढ़िए और सही उत्तर चुनकर (✓) लगाइए।

लक्ष्मी थी या दुर्गा थी वह स्वयं वीरता की अवतार,
देख मराठे पुलकित होते उसकी तलवारों के वार,
नकली युद्ध, व्यूह की रचना और खेलना खूब शिकार,
सैन्य घेरना, दुर्ग तोड़ना, ये थे उसके प्रिय खिलवार,
महाराष्ट्र कुल देवी उसकी भी आराध्य भवानी थी।

क) वीरता की अवतार किसे कहा जाता है?

☐ लक्ष्मी ☐ लक्ष्मीबाई ☐ दुर्गा

ख) लक्ष्मीबाई कौन-सा खेल नहीं खेलती थी?

☐ शिकार खेलना ☐ तलवार चलाना ☐ गुड़ियों से खेलना

ग) महाराष्ट्र की कुल देवी किसे कहा गया है?

☐ भवानी ☐ लक्ष्मी ☐ सरस्वती

घ) 'पुलकित' शब्द का क्या अर्थ है?

☐ हैरान ☐ भयभीत ☐ प्रसन्न

2) नीचे दिए गए शब्दों में सही पर्याय पर (✓) का निशान लगाइए।

क) भारत ☐ हिन्दुस्तान

ख) ढाल ☐ खड्ग

ग) तलवार ☐ असि

घ) जनक ☐ माता

3) कोष्ठक में से चुनकर नीचे दिए गए शब्दों के विलोम लिखें -

| | | |
|---|---|---|
| वीरता | भाग्य | सधवा |
| आकाश | गुलामी | स्वर्ग |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क) | कायरता | ...................... | घ) | विधवा | ...................... |
| ख) | दुर्भाग्य | ...................... | ङ) | स्वतंत्रता | ...................... |
| ग) | पाताल | ...................... | च) | नरक | ...................... |

4) रिक्त स्थानों की पूर्ति संकेतों तथा अंतिम अक्षर की सहायता से कीजिए।

| | | |
|---|---|---|
| क) | \| \| \| \| जी \| | एक अंग्रेज अफसर |
| ख) | \| \| \| \| \| सी \| | भारत के रहने वाले |
| ग) | \| \| \| ली \| | लक्ष्मीबाई के प्यार का नाम |
| घ) | \| \| \| \| \| न \| | जिसकी संतान न हो |

5) नीचे दिए गए शब्दों का वाक्य में प्रयोग करें।

क) दुर्ग ..........................................................................................

ख) वीरता ..........................................................................................

ग) आह्वान..........................................................................................

6) पाठ में वर्णित किन्हीं दो स्वतंत्रता सेनानियों का नाम लिखें।

क) ............................................... ख) ...............................................

7) नीचे दिए गए वाक्यों में से क्रिया छाँटकर लिखिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| उदाहरणः- | क) | राधा पुस्तक पढ़ रही है। | पढ़ रही है |
| | ख) | माँ सुनील से पत्र पढ़वाती है। | ........................ |
| | ग) | राम खाना खाता है। | ........................ |
| | घ) | रीमा गाना गाकर चली गई। | ........................ |

# पाठ –11

S.A. -2

## 'जो देखकर भी नहीं देखते'

प्र01 सैकड़ों रोचक चीजें मिलती हैं जिन्हे मैं छूकर पहचान लेती हूँ। मैं भोज पत्र के पेड़ की चिकनी छाल और चीड़ की खुरदरी छाल को स्पर्श से पहचान लेती हूँ। वसन्त के दौरान मैं टहनियों में नयी कलियाँ खोजती हूँ। मुझे फूलों की पंखुड़ियों की मखमली सतह छूने और उनकी घुमावदार बनावट महसूस करने में अपार आनन्द मिलता है।''

क) सैकड़ों रोचक चीजों को हेलेन केलर कैसे पहचान लेती है?

उत्तर ..........................................................................................................................

ख) भोजपत्र की छाल कैसी होती है?

उत्तर ..........................................................................................................................

ग) चीड़ की खुरदरी छाल को लेखिका कैसे पहचानती है?

उत्तर ..........................................................................................................................

घ) वसन्त के दौरान लेखिका टहनियों में क्या खोजती है?

उत्तर ..........................................................................................................................

प्र02 भोज – पत्र

अलग – अलग

साधारण – सी

हरा – भरा

में योजक चिह्न (–) का प्रयोग किया गया है। ऐसे चार शब्द बनाकर लिखिए –

1) ..................................... 2) .....................................

3) ..................................... 4) .....................................

प्र03 निम्न लिखित शब्दों के अर्थ लिखिए –

1) महसूस ................................

2) खुशनसीब ................................

3) समां ................................

4) सिर्फ ................................

5) नियामत ................................

प्र04 भाववाचक संज्ञा बनाओ –

1) मधुर ................................

2) सुन्दर ................................

3) आनन्द ................................

4) चिकनी ................................

प्र05 वाक्यों में प्रयोग करें –

1) परीक्षा लेना ................................................................................................

2) सैर करना ................................................................................................

3) दिल मचलना ................................................................................................

4) अचरज करना ................................................................................................

# पाठ –12

## 'संसार पुस्तक है'

प्र01 ये पहाड़, समुद्र, सितारें, नदिया, जंगल, जानवरों की पुरानी हड्डियाँ और इसी तरह की और भी कितनी ही चीजें है, जिनसे हमें दुनिया का पुराना हाल मालूम हो सकता है। मगर हाल जानने का असली तरीका यह नहीं है कि हम केवल दूसरों की लिखी हुई किताबें पढ़ लें, बल्कि खुद संसार-रूपी पुस्तक को पढ़ें। मुझे आशा है कि पत्थरों और पहाड़ों को पढ़कर तुम थोड़े ही दिनों में उनका हाल जानना सीख जाओगी।

क) यहाँ कौन किससे बात कर रहा है पाठ के आधार पर उत्तर दो ?

उत्तर ..................................................................................................................

ख) हाल जानने का असली तरीका क्या है ?

उत्तर ..................................................................................................................

ग) पहाड़ व समुद्र के पर्यायवाची शब्द लिखें (दो-दो)

उत्तर 1) ..................................................................................................................

2) ..................................................................................................................

घ) पहाड़, समुद्र, सितारे, नदियाँ, जंगल, जानवरों की पुरानी हड्डियों के अध्ययन से हमें क्या मालूम होता है ?

उत्तर 1) ..................................................................................................................

2) ..................................................................................................................

प्र02 वाक्यों में प्रयोग करें।

1) आबाद ..................................................................................................

2) दरिया ..................................................................................................

3) जर्रा ..................................................................................................

4) ख्याल ..................................................................................................

प्र03 विलोम शब्द लिखिए

1) विद्वान ................................

2) बेहद ................................

3) सुन्दर ................................

4) चिकना ................................

प्र04 वचन बदलकर लिखिए -

1) टापू ......................................
2) खतों ......................................
3) हड्डियों ......................................
4) पहाड़ ......................................

प्र05 लिंग बताओ -

विद्वान ......................................
जवान ......................................
हिन्दी ......................................
घाटी ......................................
समुद्र ......................................

प्र06 पाठ के आधार पर रिक्त स्थान भरो -

1)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | हा | | द |

2)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ढ | | | | र |

3)

| | | | |
|---|---|---|---|
| लु | | क | |

4)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | म | | दा | |

# पाठ -13

## 'मैं सबसे छोटी होऊँ'

1. बहुविकल्पीय प्रश्न - सही उत्तर पर निशान (✓) लगाएँ -

क) ''मैं सबसे छोटी होऊँ'' कविता के कवि कौन हैं?

सुमित्रानंदन पंत    महादेवी वर्मा    श्रीलाल शुक्ल

ख) बच्ची कहाँ सोना चाहती है?

सीने पर    गोदी में    पीठ पर

ग) निर्भय का क्या अर्थ है?

निडर    डरपोक    बुद्धू

2. सन्धि-विच्छेद करें :-

क) चंद्रोदय -- चंद्र + उदय

ख) देवालय -- देव + ..................

ग) महेश -- महा + .................

3. निम्नलिखित मुहावरों से वाक्य बनाएँ:-

क) अँगूठा दिखाना -- ........................................................................

ख) फूला न समाना -- ........................................................................

ग) आँखे खुलना -- ........................................................................

4. कोष्ठक में से चुनकर अर्थ लिखें ।

(माता, धोखा देना, शरीर, बिना इच्छा के)

क) गात ..................................

ख) छलना ..................................

ग) निस्पृह ..................................

घ) मात ..................................

5. रेखांकित शब्द का लिंग तथा वचन बदलकर पुनः वाक्य बनायेंः-

क) बच्चा खेल रहा है। बच्चियाँ खेल रही हैं।

ख) छात्र पढ़ता है। ...........................................................

ग) लड़का प्रार्थना कर रहा है। ...........................................................

6. निम्नलिखित वाक्यों के आगे सही (✓) गलत ( X ) का निशान लगाएँ।

क) बच्ची कभी बड़ी नहीं होना चाहती। ..........................

ख) बच्ची को चाँद देखना पसंद नहीं हैं। ..........................

ग) बच्ची को परियों की कहानियाँ सुनना पसंद है। ..........................

घ) बड़े होने पर माँ बच्चों को प्यार नहीं करती। ..........................

# पाठ -14
## 'लोकगीत'

प्र01 लोकगीत अपनी लोच, ताजगी, और लोकप्रियता में शास्त्रीय संगीत से भिन्न है। लोकगीत सीधे जनता के संगीत हैं। घर, गाँव और नगर की जनता के गीत हैं ये । इनके लिए साधना की जरूरत नहीं होती। त्योहारों और विशेष-विशेष अवसरों पर ये गाए जाते हैं। सदा से ये गाए जाते रहे हैं और इनके रचने वाले भी अधिकतर गाँव के लोग ही हैं। स्त्रियों ने भी इनकी रचना में विशेष भाग लिया है। ये गीत बाजों की मदद के बिना ही या साधारण ढोलक, झाँझ करताल, बाँसुरी आदि की मदद से गाए जाते हैं।

क) लोकगीत शास्त्रीय संगीत से किन कारणों से भिन्न हैं?

उत्तर ..........................................................................................................

ख) लोक गीत कब गाए जाते हैं?

उत्तर ..........................................................................................................

ग) लोग गीतों को रचने वाले अधिकतर लोग कौन हैं?

उत्तर ..........................................................................................................

घ) गद्यांश में दिये वाद्य यन्त्रों के नाम लिखिए?

उत्तर ..........................................................................................................

प्र02 किस स्थान पर कौन सा लोक गीत गाया जाता है।

| स्थान | लोकगीत |
|---|---|
| उत्तर प्रदेश के पूरवी व विहार के पश्चिमी जिलों में | चैता, कजरी, बारहमासा, सावन, आदि |
| बंगाल | |
| पंजाब | |
| राजस्थान | |
| बुन्देलखण्ड | |

प्र03 क) चन्देल राजाओं के राजकवि का क्या नाम है?

उत्तर ..........................................................................................................

ख) मैथिल कोकिल कवि किसे कहा जाता है ?

उत्तर ..............................................................................................................

ग) किस महाकवि की रचनाओ में सोहर, बानी, सेहरा आदि लोकगीतों का हवाला मिलता है ?

उत्तर ..............................................................................................................

घ) बिदेसिया किस भाषा का लोकगीत है ?

उत्तर ..............................................................................................................

प्र04 पाठ में दिये गये रागों के नाम लिखकर पूरा करो ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1) | | लू | |
| 2) | सा | | |
| 3) | | र्गा | |
| 4) | | व | |
| 5) | सो | | |

प्र05 लोक-साहित्य, लोक-संगीत, लोक-कला, लोकगीत की भाँति शास्त्रीय शब्द जोड़कर शब्द बनायें।

उत्तर क) शास्त्रीय -

ख) शास्त्रीय -

ग) शास्त्रीय -

घ) शास्त्रीय -

प्र06 अपने पसन्दीदा किसी लोक गीत की दो पंक्तियाँ लिखिए ?

उत्तर ..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

# पाठ –15

## 'नौकर'

प्र01 पठित गद्यांश के आधार पर एक पंक्ति में उत्तर दें :–

सवेरे की प्रार्थना के बाद वे रसोईघर में जाकर सब्जियाँ छीलते थे। रसोईघर या भंडारे में अगर वे कहीं गंदगी या मकड़ी का जाला देख पाते थे तो अपने साथियों को आड़े हाथों लेते। उन्हें सब्जी, फल और अनाज के पौष्टिक गुणों का ज्ञान था। एक बार एक आश्रमवासी ने बिना धोए आलू काट दिए। गाँधी ने उसे समझाया कि आलू और नींबू को बिना धोए नहीं काटना चाहिए।

क) प्रार्थना के बाद गाँधी जी आश्रम में क्या करते थे ?

उत्तर .................................................................................................................

ख) वे अपने साथियों को आड़े हाथों क्यों लेते थे ?

उत्तर .................................................................................................................

ग) गाँधी जी को किसका ज्ञान था ?

उत्तर .................................................................................................................

घ) किस सब्जी को बिना धोए नहीं काटना चाहिए ?

उत्तर .................................................................................................................

2. निम्नलिखित शब्दों में लगे उपसर्ग अलग कीजिए –

| | शब्द | उपसर्ग | मूल शब्द |
|---|---|---|---|
| क) | बेस्वाद | ................ | ................ |
| ख) | अस्वस्थ | ................ | ................ |
| ग) | प्रवासी | ................ | ................ |

3. निम्नलिखित शब्दों में लगे प्रत्यय अलग कीजिए :–

| | शब्द | मूल शब्द | प्रत्यय |
|---|---|---|---|
| क) | बुद्धिमानी | ................ | ................ |
| ख) | शारीरिक | ................ | ................ |
| ग) | सम्मानित | ................ | ................ |

4. कोष्ठक में से चुनकर शब्दों के पर्यायवाची लिखें।

सहायक

होशियारी सरोवर

मेहमान

क) तालाब ............................

ख) बुद्धिमानी ............................

ग) मैहनत ............................

घ) अतिथि ............................

5. शुद्‌ध वर्तनी वाले शब्द पर घेरा लगाइए।

| | |
|---|---|
| आश्रम | परेम |
| मैहनत | भाषण |
| कार्यकर्ता | भारतीय |

6. गांधी जी के व्यक्तित्व के किस पहलू ने आपको सबसे अधिक प्रभावित किया? संक्षेप में लिखें।

..................................................................................................................

..................................................................................................................

..................................................................................................................

..................................................................................................................

..................................................................................................................

..................................................................................................................

# पाठ -16

## 'वन के मार्ग में'

### अभ्यास कार्य

प्र01 ''तिय की लखि आतुरता पिय की अंखियाँ अति चारु चलीं जल च्वै।''

क) उपरोक्त पंक्ति में तिय और पिय शब्दों का क्या अर्थ है?

उत्तर ........................................................................................................

........................................................................................................

ख) यहाँ तिय और पिय किसके लिए प्रयोग किया गया है?

उत्तर ........................................................................................................

........................................................................................................

प्र02. विलोम शब्द लिखिए :-

| | **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|---|
| 1) | वधू | ................ |
| 2) | धीर | ................ |
| 3) | चारु | ................ |
| 4) | विलंब | ................ |

प्र03 शब्दों के अर्थ लिखें

| **शब्द** | **अर्थ** |
|---|---|
| पुर | ................ |
| मग | ................ |
| पर्नकुटी | ................ |
| आतुरता | ................ |
| लरिका | ................ |
| कंटक | ................ |
| नेह | ................ |
| विलोचन | ................ |

प्र05 वाक्यों में प्रयोग करो :-

बारि ..........................................................................

झलकी ..........................................................................

बूझति ..........................................................................

तनु ..........................................................................

प्र06 किसके पर्याय शब्द हैं:-

1) विलोचन, अँखियाँ

उ0 ...............................

2) जल, बारि

उ0 ...............................

3) वधू, तिय

उ0 ...............................

4) लखि, लख्यौ

उ0 ...............................

# पाठ -17

## 'साँस-साँस में बाँस'

### अभ्यास कार्य

प्र01 पठित गद्यांश (बहुविकल्पीय प्रश्न)

जुलाई से अक्टूबर, घनघोर बारिश के महीने। यानी लोगों के पास बहुत सारा खाली वक्त या कहो आसपास के जंगलों से बाँस इकट्ठा करने का सही वक्त। आमतौर पर वे एक से तीन साल की उम्र वाले बाँस काटते हैं। बूढ़े बाँस सख्त होते हैं और टूट भी तो जाते हैं। बाँस से शाखाएँ और पत्तियाँ अलग कर दी जाती हैं। इसके बाद ऐसे बाँसों को चुना जाता है जिनमें गाँठें दूर-दूर होती हैं। दाओ यानी चौड़े, चाँद जैसी फाल वाले चाकू से  इन्हें छीलकर खपच्चियाँ तैयार की जाती हैं।

क) किस महीने में बहुत बारिश होती है।

1) जनवरी 2) मार्च 3) अक्टूबर 4) दिसंबर

उत्तर ..................................

ख) किस उम्र के बाँस काटे जाते हैं।

1) एक से तीन 2) तीन से चार 3) पाँच से छह 4) सात से आठ

उत्तर ..................................

ग) बूढ़े बाँस कैसे होते है।

1) सख्त 2) कोमल 3) खुरदरे 4) चिकने

उत्तर ..................................

घ) दाओ किसे कहते हैं।

1) खपच्ची 2) टोकरी 3) जाल 4) बॉस काटने का चाकू

उत्तर ..................................

2. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखें :-

| | शब्द | विलोम |
|---|---|---|
| क) | सख्त | ........................ |
| ख) | बूढ़ा | ........................ |
| ग) | चौड़ाई | ........................ |

3. निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग कर वाक्य बनाएँ :-

क) बाँस - ..............................

ख) क्षेत्र - ..............................

ग) घनघोर - ..............................

4. रिक्त स्थानों की पूर्ति संकेतों तथा अंतिम अक्षर की सहायता से कीजिए -

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | ई | | -- | एक प्रकार का जाल |
| | ओ | | | -- | एक प्रकार का चाकू |
| | | | मा | -- | सबसे बड़ी उँगली का नाम |
| | स | | | -- | चाय बागानों के लिए प्रसिद्ध |

5. शुद्ध वर्तनी वाले शब्द पर घेरा लगाइए -

| | |
|---|---|
| समुदाय | लचिली |
| पतनी | तर्जनी |
| विभिन्न | मिट्टी |

6. शब्दों को सही क्रम में रखकर शब्द - निर्माण करें :-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ब | त | र | क | -- | ..................................... |
| जं | ल | ग | | -- | ..................................... |
| जा | र | दू | ग | -- | ..................................... |